वेबसाइट के माध्यम से

फा.सं-12015/03/2025-रा.भा (तक.)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
तकनीकी कक्ष
******

एन.डी.सी.सी-II बिल्डिंग, चौथा तल,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 16 अप्रैल, 2025

कार्यालय ज्ञापन

राजभाषा विभाग की स्थापना के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा 26 जून, 2025 को "भारत मंडपम्" प्रगति मैदान, नई दिल्ली में **"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह"** का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह की अध्यक्षता माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी करेंगे।

2 सभी मंत्रालयो/विभागो/बैंको /उपक्रमों/ स्वायत संस्थानो / संवैधानिक निकायो /बोर्डों / संबद्ध कार्यालयों /अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने यहाँ के राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों और राजभाषा का काम देख रहे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करवाएं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 जून 2025 रखी गयी है (जिसे निर्धारित संख्या में पंजीकरण प्राप्त होने पर पहले भी बंद किया जा सकता है)।

3. सम्मेलन में प्रतिभागिता हेतु प्रतिभागियों द्वारा अपने कार्यालय से अनुमति उपरांत राजभाषा विभाग की वेबसाइट rajbhasha.gov.in पर दिए गए लिंक https://164.100.54.224/olgj/ पर अपना पंजीकरण (निःशुल्क) करना आवश्यक हैं । **पंजीकरण के बिना सम्मेलन में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।**

4. राजभाषा विभाग द्वारा सम्मेलन में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार के यात्रा एवं दैनिक भत्ते नहीं दिए जाएंगे । यात्रा एवं दैनिक भत्तों का भुगतान संबंधित कार्यालय द्वारा नियमानुसार वहन किया जाएगा।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (कार्यान्वयन)
फोन: 011-23438129

प्रतिः-

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/ स्वायत संस्थान / संवैधानिक निकाय/ बोर्ड/ संबद्ध कार्यालय /अधीनस्थ कार्यालय आदि के कार्यालय प्रमुख।